Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 04-05-2023 | अंक 558

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### चोंगाखार में 11 हजार बिजली तार गिरने से दो बैल की घटना स्थल पर ही मौत



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के चोंगाखार गांव में 11 हजार का तार गिर जाने से दो बैल की मौत हो गई।बताया जा रहा कि बार बार बिजली विभाग को खबर किया जा रहा था।कि बिजली तार की स्तिथि काफी खराब हैं।लेकिन बिजली विभाग के पदाधिकारि ने संज्ञान नही लेने के कारण एक बहुत बड़ा घटना घट गई। चोंगाखार गांव के हरिहर यादव एवं प्रकाश यादव के बैल गांव से हटकर जंगल मे घास चराने के लिए गए थे।उसी वक्त घटना घट गई।

अभी तक इस जंगल मे दर्जनों बार से अधिक बार बिजली तार टूट चुका है।लेकिन बिजली विभाग के लापरवाही से आज इतना बड़ा घटना घट चुकी है।

### 15 लाख का इनामी नक्सली इंदल गंझू ने किया आत्मसमर्पण



**अपेम लाइव : रांची**

रांची : भाकपा माओवादियों का स्वयं भू रीजनल कमांडर 15 लाख का इनामी इंदल गंझू ने गुरुवार को रांची में आत्मसमर्पण कर दिया। आइजी रांची के कार्यालय में आत्मसमर्पण करने वाले इंदल का पुलिस से 20 दिन से संपर्क बना हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदल बिहार के गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र के असरैन गांव का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में पुलिस व माओवादियों के बीच तीन अप्रैल को मुठभेड़ हुई थी जिसमें पांच इनामी नक्सली मारे गए थे। इस मुठभेड़ के बाद ही इंदल गंझू पुलिस के संपर्क में आ गया था.उस पर बिहार-झारखंड के थानों में दर्जनों मामले दर्ज हैं.

### कवायद : खराब चापाकालों की दें सूचना, कराया जाएगा ठीक



**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के पंसस प्रतिनिधि बिनोद यादव ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए पंचायत में खराब पड़े चापाकलों को ठीक कराने के लिए पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता से बात कर खराब पड़े चापाकलों को ठीक जल्दी ठीक कराने का मांग किया। वहीं बाराडीह टोला, कोल्हुआकला हाई स्कूल, जवाड़ एवं करगइयो के बजरंगबली मंदिर परिसर में खराब पड़े चापाकलो को ठीक कराने के लिए विभाग को प्रस्ताव भी भेज दिया गया है। जिसको लेकर विभाग ने बहुत जल्दी सभी खराब पड़े चापाकलों को ठीक करने का आश्वाशन दिया है। साथ ही साथ पंसस प्रतिनिधि विनोद यादव ने पंचायतवासियों से अपील किया है की अगर आपके आस - पास कोई खराब चापाकल पड़ा हो तो मुझे अवश्य सूचना दे।

# जाली दस्तावेज बनाकर जमीन रजिस्ट्री कराने के मामले में आठ पर प्राथमिकी दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

## मां के जीवित रहते बड़ा बेटा खुद को भू स्वामी घोषित कर पत्नी को किया दान, पत्नी के माध्यम से बहु एवं अन्य को रजिस्ट्री का आरोप

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

तुर्कबाद बरकट्ठा निवासी दारो देवी पति रामचंद्र मोदी के कोर्ट परिवाद के आलोक सिविल कोर्ट के निर्देश पर बरही थाना में जालसाजी कर फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन निबंधन कराने के मामले में आठ लोगों को खिलाफ बरही थाना में कांड संख्या 198/2023 धारा 406, 420, 467, 468, 471 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में बलदेव मोदी पिता स्व श्यामलाल मोदी, बिना देवी पति बलदेव मोदी, नीलम कुमारी पति सूरज कुमार, ज्योति कुमार पति राजेंद्र मोदी, सुषमा वर्णवाल पिता कुलदीप कुमार सभी तुर्कबाद बरकट्ठा एवं संजय कुमार चौधरी पिता माधुलाल चौधरी, मनी देवी पति छोटी महतो ग्राम घासकोडीह चुगलामो, आशीष कुमार पिता पिता रुपदेव स्वर्णकार ग्राम तुर्कबाद निवासी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी में परिवादिनी दारो देवी ने आरोप लगाया है की तुर्कबाद मौजा के खाता नंबर 104, प्ल०ट नंबर 269,रकबा साढ़े छह डिसमिल, प्ल०ट संख्या



271 रकबा 28 डिसमिल की भू स्वामिनी है। उक्त जमीन अपनी सास शारदा देवी से दान पत्र के माध्यम से 23.11.1993 को प्राप्त की है। इसी जमीन को बलदेव मोदी अपराधिक षड्यंत्र कर जाली दस्तावेज बनाकर भू स्वामिनी शारदा देवी के जीवित रहते ही खुद को भू स्वामी बताकर अपनी पत्नी बिना देवी को उप नि. बंधन कार्यालय बरही में दान पत्र के माध्यम से रजिस्ट्री कर दिया। पुनः बिना देवी के माध्यम से उपरोक्त नामजद आरोपियों को जमीन बिक्री एवं दान कर दी। जबकि उक्त जमीन की भू स्वामिनी शारदा देवी थी, जिनके द्वारा उन्हे प्रश्नगत जमीन हासिल हुई है और वह आज भी जीवित है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीजे बजाने आये युवक की दम घुटने से मौत, एक महिला समेत दो अन्य घायल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ थाना क्षेत्र के पंचायत सोहर अंतर्गत माइल गांव में बीती रात शादी समारोह में डीजे बजाने आए गुमला के एक युवक की मौत हो गई. जबकि युवक के साथ आए दो अन्य युवक बेहोशी की हालत में मिले. यहां से एक महिला भी बेहोशी की हालत में मिली. फिलहाल मौत के कारण का स्पष्ट रुप से पता नहीं चल पा रहा है. आशंका जताई जा रही है कि जेनरेटर के धुएं में दम घुट्ने से यह घटना घटी है. मृतक की पहचान गुमला जिला निवासी प्रशांत लकड़ा के रूप में हुई है. इस घटना की जानकारी नेतरहाट थाना को दी गई, थाना प्रभारी बंधन भगत दल बल साथ माइल गांव पहुंचे एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेजा, बेहोश दो युवक एवं महिला को बुधवार देर शाम महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, ऑक्सीजन देने पर एवं उपचार के उपरांत




दोनो युवक होश आये एवं महिला खबर लिखे जाने तक बेहोश थी, उपचार चल रहा है।

**क्या था मामला**

सोहर पंचायत के माइल गांव में बंधन मुण्डा के घर दो दिवसीय विवाह का कार्यक्रम था, बंधन मुण्डा के द्वारा गुमला जिला के ग्राम राजावल अंतर्गत दीना गांव के प्रेम लकड़ा का डीजे बाजा एवं जनरेटर बुक किया गया था, डीजे लेकर प्रेम लकड़ा का 19 वर्षीय बेटा प्रशांत लकड़ा गया था, प्रशांत लकड़ा के साथ इसके दो सहयोगी साहिल केरकेट्टा (18 ) और असीम एक्का ( 18 ) भी गए थे। कार्यक्रम के बाद तीनो युवक एक कमरे में सोने गये, पर सुबह इनमें से एक वृत्त और दो बेहोश पाये गये, अचानक सुबह जब विवाह के घरवाले कमरे में गये तो पाया, डीजे मालिक का बेटा प्रशांत लकड़ा का सांस रूका हुआ था, अन्य सहयोगी साहिल केरकेट्टा और असीम एक्का बेहोशी की हालत में थे, इनको कमरे से आंगन में लाया गया, साथ ही बगल के कमरे में भी एक महिला जो विवाह घर की मेहमान थी, वह भी बेहोशी की हालत में पाई गई। इस तरह सोये अवस्था में रहस्यमय मौत होने से लोग आश्चर्यचकित रह गए, फिर इसकी जानकारी नेतरहाट थाना को दी गई। पठार अति सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण देर से पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, और बेहोश युवक एवं युवती को महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने में देर शाम हो गई।


**भुक्तभोगी ने बताया**

होश में आए साहिल केरकेट्टा ने बताया कि खाना खाने के बाद एक कमरे में तीनो सो गए, उसी रूम में जनरेटर रखा हुआ था, मुझे जब होश आया तो खुद को अस्पताल में पाया। वहीं बेहोश महिला के बारे में बताया गया कि वह विवाह घर के ही मेहमान है, जो हिसरी गांव की रहने वाली है। ऐनोस एक्का की मां अनिता एक्का ने कहा कि हमलोगों को जब पता चला इस तरह की घटना हुई है तो हम लोग गाड़ी लेकर फौरन विवाह घर माइल गांव पहुंचे, देखा कि इन्हें आंगन में रखा गया है, आनन-फानन में इन्हें उठाकर हम स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाए है। चिकित्सा प्रभारी सह डॉ अमित खलखो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ चिकित्सा प्रभारी ड० अमित खलखो ने कहा कि अभी दोनों युवक एवं महिला खतरे से बाहर हैं, दोनो युवक स्वस्थ्य हैं, महिला का भी इलाज चल रहा है, जल्द स्वस्थ हो जाएगी. जनरेटर का धुआं से रूम में कार्बन मोनोऑक्साइड बनने के वजह से इनका ऑक्सीजन लेवल कम हुआ और बेहोश हुए, इसी दौरान पूरी तरह से अ०क्सीजन लेवल खत्म होने के बाद शायद उस युवक की मौत हो गई होगी।

# बेमौसम बारिश होने से कृषि एवं वैवाहिक कार्यक्रम में पड़ी बाधा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : इन दिनों बडकागांव क्षेत्र में शादी विवाह का मुहूर्त और लग्न जोर शोर से शुरु हो चुका है। शादी विवाह के कार्यक्रमों पर मौसम की भारी मार पड़ी है। वर्षा होने के कारण वैवाहिक कार्यक्रमों में काफी बाधा उत्पन्न हो रही है। क्षेत्र के लोगों को 3 मई की रात्रि और 4 अप्रैल को शाम में वर्षा होने से गर्मी से राहत मिली है परंतु शादी विवाह में कार्यक्रम में भारी बाधा उत्पन्न हुई है। वर्षा होने के कारण वैवाहिक कार्यक्रम में लड़की एवं लड़का दोनों पक्षों को भारी फजीहत उठानी पड़ी है। साथ ही साथ शादी विवाह में





पंडाल, टेंट ,लाइट , सॉउंड आदि लगाने वाले लोगों को भी बारिश होने से काफी नुकसान उठाना पड़ा है। इन दिनों जिसके घर में शादी विवाह का कार्यक्रम होना है मौसम की स्थिति को देखते हुए वाटरप्रूफ पंडालों की व्यवस्था में भी लोग लगे हुए हैं।बारिश के कारण खानपान एवं वैवाहिक कार्यक्रमों में काफी खलल पड़ा है।

**वर्षा से कई फसलों का भी होगा नुकसान**

बेमौसम बारिश को लेकर किसान रविंद्र महतो ने बताया कि अचानक इस तरह से वर्षा होने से टमाटर , लौकी आदि कई फसल को काफी नुकसान होगा।जिससे हम किसानों को काफी क्षती उठानी पड़ेगी।वहीं कई लोगों का यह भी कहना है कि महुआ को हम लोगों ने सुरक्षित तरीके से नहीं रख पाया है इसलिए उसे भी नुकसान होने की संभावना है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## डीजे वाहन ने बाइक को मारी टक्कर चालक की घटनास्थल पर मौत एक युवक घायल





**अपेम लाइव : बिरनी**
**लखदेव वर्मा**

बिरनी थाना क्षेत्र के जुठाहाआम–बागोडीह मुख्य मार्ग पर बाराडीह गांव के पास डीजे वाहन ने बाइक को मारी टक्कर जिससे बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा बाइक सवार एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बिरनी थाना क्षेत्र के पड़रमनियां निवासी 22 वर्षीय सुनील मंडल तथा घायल की पहचान पडरमनियां निवासी 18 वर्षीय विशाल दास के रूप में हुई है । जानकारी के अनुसार मृतक अपनी बहन की शादी झारखण्ड धाम से सम्पन्न कर अपने दांत का उपचार करवाकर सरिया से अपने घर वापस पडरमनियां जा रहे थे तभी तेज रफ्तार डीजे वाहन बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गई । घटना की सूचना घायल विशाल ने परिजनों को दिया घटना की सूचना पाकर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी पहुँचे और सुनील को मृत देखकर सभी रोने–बिलखने लगे । सुनील एकलौता पुत्र थे । स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी पहुँचाया जिसे डॉ ताज ने मृत घोषित कर दिया तथा घटना की सूचना मिलते ही बिरनी थाना एस आई विशाल सिंह अपने दल–बल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे और शव को कब्जे में ले लिया तथा पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया । शव पहुंचते ही पूरे गाँव में मातम पसर गया तथा परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है ।

## जिले के 77 बालूघाटों से बालू का उठाव होगा आरंभ, पंचायतस्तर पर गठित आठ सदस्यीय समिति करेगा संचालन

### पुल–पुलिया के 2500 से 500 परिधी में बालू का उठाव वर्जित

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : उपायुक्त के द्वारा जिले के कैटगरी वन 77 बालूघाटों से बालू उठाव को लेकर निर्देश जारी किया गया है। खनन पदा. धिकारी आनंद कुमार ने बताया कि उपायुक्त के द्वारा जिले में 77 बालूघाट से बालू उठाव की अनुमति प्राप्त हुई है,सभी बालू घाटों पर निर्धारित नियम के तहत ही बालूघाटों से बालू उठाव करने की बात कही है। बताया कि बालू उठाव को लेकर पचायतस्तर पर आठ सदस्यी टीम गठित की गयी है,जो बालू उठाव का संचालन करेंगी,वही बालू उठाव के लिए बनायी गयी समिति की निगरानी प्रखंडस्तरीय द्वारा किया जाएगा। बताया कि बालू घाटों से उठाऐं गए बालू का उपयोग निजी,गैर व्यवसायिक,सामुदायिक उरेश्य एवं सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के लिए ही होगा एवं बालूघाटों से बालू का उठाव सिर्फ ट्रैक्टर के माध्यम से किया जाएगा,किसी भी कीमत पर मशीन का उपयोग नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बालू उठाव कर उसका भंडारण किसी अन्य स्थान पर नहीं कर सकते है। उन्होंने बताया कि बालूघाटों से उठायें गए बालू का स्वा. मिस्व कर से मुक्त रहेगा एव बालूघाटों में पहुंच पथ,प्रबंधन ,पर्यवेक्षण इत्यादी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित संधारण राशि ग्राम पंचायत,स्थानीय शासन द्वारा लिया जाएगा जो एक सौ रूपये प्रति 100 घनफुट होगा। बालू का उठाव किसी भी कीमत पर नदी में बने पुल–पुलिया के 2500 से 500 परिधी समीप से नहीं किया जाएगा एवं मानसून काल में बालू उठाव वर्जित रहेगा। जिला खनन पदा. धिकारी के द्वारा बताया गया कि पंचायत स्तर समिति अपने कैटेंगरी वन बालू घाट पर एक नामपट या सूचना पट लगवाएगी जिसमें बालू घाट का नाम,अंचल,मौजा,खाता,प्लांट एवं रकवा समेत ग्राम पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का नाम मोबाइल नंबर,अबतक कुल निश्काशित खनिजो का आयतन एवं पर्वेक्षण पदा. धिकारी का नाम एवं मोबा. ईल नंबर लिखवाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा है कि बालू घाटों पर उपायुक्त द्वारा जारी आवश्यक निर्देश के आलोक में सुनिश्चित कराया जाएगा और इसकी जिम्मेवारी प्रखंड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय समिति की होगी। पंचायतस्तर पर गठित आठ सदस्यीय समिति बालूघाटों से बालू उठाव का करेंगा संचालन बालू उठाव का संचालन पंचायतस्तर पर मुखिया की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यी टीम करेंगी। समिति में मुखिया,उप मुखिया,पंचायत सचिव समेत पांच सदस्यी टीम शामिल किए गए है।

इन बालूघाटों से होगा बालू का उठाव

जिले में कुल 77 बालू घाटों से बालू का उठाव आरंभ किया जाएगा। जिसमें चंदवा प्रखंड के 10, बालूमाथ 4, गारू 2,बरवाडीह 9 , महुआडांड़ 5, मनिका 30, लातेहार 10, बारियातू 3 एवं हेरहंज 4।




## दो बाइक के बीच हुई टक्कर में सहायक अध्यापक की मौत

### मृतक संतोष कुमार प्राथमिक विद्यालय अलकिलवा में प्रधानाध्यापक के पद पर थे कार्यरत

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में दिवंगत शिक्षक को श्रद्धांजलि देते शिक्षकगण एवं ग्रामीण

विष्णुगढ़ गोमियां रोड में जमनीजारा के पास दो बाइक के बीच हुई टक्कर के हादसे में सहायक अध्यापक की मौत हो गई। मृतक संतोष कुमार (38) पिता खेमलाल महतो जमनीजारा के रहने वाले थे और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अलकिलवा में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत थे। यह घटना उनके घर के ठीक सामने हुई। बताया जाता है कि वे बुधवार को अपने स्कूल के बच्चों के लिए वार्षिक परीक्षा का प्रश्नपत्र लाने के लिए बीआरसी विष्णुगढ़ गए हुए थे। इसके बाद स्कूल में प्रश्नपत्र रखकर शाम करीब छह बजे अपने घर लौट रहे थे। विष्णुगढ़ गोमियां रोड में स्थित अपने घर के सामने बाइक से वे मुड़ने ही वाले थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक अन्य बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में उन्हें इलाज के लिए विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हजारीबाग ले जाने के क्रम में उनकी मौत बीच रास्ते में हो गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने उनका शव परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद कोनार डैम स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के बड़े पुत्र करण कुमार ने उन्हें मुखाग्नि दी।

**विष्णुगढ़ सहायक शिक्षक संघ ने दिवंगत शिक्षक को दी श्रद्धांजलि**

विष्णुगढ़। सहायक शिक्षक संतोष कुमार की सड़क हादसे में हुई मौत को लेकर विष्णुगढ़ सहायक अध्यापक संघ ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर शोक सभा का आयोजन किया। वही, उनके विद्यालय में भी छात्र–छात्राओं ने दिवंगत शिक्षक को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बड़ी संख्या में प्रखंड के शिक्षक एवं उनके स्कूल के बच्चे भी उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। विष्णुगढ़ सहायक अध्यापक संघ की अध्यक्ष अनिता महतो ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। कहा कि दिवंगत शिक्षक के आश्रित के लिए अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी की मांग सरकार से की जाएगी।

## शिव शंकर को जिसने पूजा,उसका हुवा उद्धार : मनोज यादव

### पूर्व विधायक ने रामपुर व वृंदावन में भक्ति जागरण का किया उदघाटन, भक्तिमय प्रस्तुति से सबको झुमाया





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

करमा पंचायत के वृंदावन में आयोजित शिव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ व रामपुर में आयोजित श्री श्री 1008 श्री नव दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पूर्णाहुति संध्या आयोजित भक्ति जागरण का पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने उदघाटन किया। इस दौरान अपने चिर परिचित अंदाज में पूर्व विधायक ने अपने भक्तिमय प्रस्तुति उपस्तित श्रद्धालुओ को झूमने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व यज्ञ समिति ने पूर्व विधायक को अंगवस्त्र देकर समान्नित किया। उपस्थित श्रद्धालुओ को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि पिछले नौ दिनों से जिस प्रकार समस्त ग्रामीण पूरे भक्तिभाव से यज्ञ को सफल में लगे रहे, भगवान कि कृपा आप सबों पर जरूर बनेगा और आपका गांव प्रगति उन्नत्ति के मार्ग पर अग्रसर होगा। पूर्व विधायक ने कहा कि भगवान शिव शंकर को जिसने पूजा, उसका उद्धार हुवा, अंत काल को भवसागर में, उसका बेडा पार हुवा। इस दौरान रामपुर यज्ञ समिति अध्यक्ष छोटेलाल चनद्रवंशी, सचिव सुनील प्रसाद, कोषाध्यक्ष महेश प्रसाद व वृंदावन यज्ञ समिति अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रसाद, सचिव, कोषाध्यक्ष सुखदेव प्रसाद आदि समिति के सक्रिय सदस्यों को पूर्व विधायक ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। रामपुर में मंच संचालन शिक्षक शशिकांत शर्मा ने किया वही मौके पर किंकर शर्मा, सिकन्दर राम, रणधीर प्रसाद, अशोक राणा, विवेक कुमार, धर्मवीर कुमार, पवन कुमार आदि उपस्थित रहे। वही बृंदवान में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव, समाजसेवी रामचन्द्र सिंह, आदित्य चौरसिया, यज्ञ समिति के सक्रिय सतेंद्र प्रसाद, बसंत दाँगी, आशीष प्रसाद, अनिल दाँगी, अनिल प्रसाद, दिनेश प्रसाद, दशरथ महतो, बलराम प्रसाद, सुग्रीव प्रसाद, मनोज साव, निर्मल प्रसाद, उदित प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## पवन रॉय का नया गीत 'वो दिन (एक सच्ची प्रेम कहानी) रिलीज

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




झॉलीवुड अभिनेता पवन रॉय का नया नागपुरी गीत श्वो दिन' ( एक सच्ची प्रेम कहानी पर आधारित) गीत नायक नागपुरी चौनल पर रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में नंदलाल नायक, आर. जे विक्रम एवं प्रीति भास्कर नजर आ रही है। खास बात यह है की यह गीत सच्ची प्रेम कहानी पर आधारित है। वहीं इस गाने में दर्शकों का भी खूब प्यार मिल रहा है। इस गाने के लिरिक्स खुद नंदलाल नायक में लिखे है, बता दे की नंदलाल नायक पिछले कई सालों से झॉलीवुड इंडस्ट्री का हिस्सा रहे है और लगातार अपने म्यूजिक वीडियो से दर्शकों का दिल जीत रहे है।

दिनांक: 04-05-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## दहेज मुक्त झारखण्ड सेवा संघ की ओर सम्पन्न हुआ आदर्श विवाह

**अपेम लाइव : बिरनी**
**लखदेव वर्मा**




बिरनी प्रखण्ड के डबरसैनि चौक में बुधवार रात्रि वर-वधु के परिजनों द्वारा दहेज मुक्त आदर्श विवाह किया गया । यह आदर्श विवाह दहेज मुक्त झारखण्ड सेवा संघ के द्वारा आयोजित किया गया । कार्यक्रम में संघ के राष्ट्रीय संस्थापक जितेंद्र वी यादव,मंत्री राजेश कुमार वर्मा,राष्ट्रीय संरक्षक प्रणव कुमार वर्मा,सचिव सुरेंद्र प्रसाद वर्मा,जिला मंत्री पिंकू वर्मा,केंदुआ पंचायत अध्यक्ष चन्द्रिका महतो,सदस्य रमेश सिंह मौजूद रहे । जानकारी के अनुसार वर पक्ष बिहार के औरंगाबाद के रहने वाले हैं जो पश्चिम बंगाल कोलकाता में रहते हैं तथा वधु पक्ष झारखण्ड के गिरिडीह जिला अंतर्गत बिरनी प्रखण्ड के बोरोटोला निवासी डबरसैनि चौक में रहते हैं । दोनों पक्ष के परिजनों ने दहेज मुक्त आदर्श विवाह कर समाज व क्षेत्र में नाम रौशन किया है । वर का नाम अभिषेक वर्मा तथा वधु का नाम प्रीति कुमारी है । वर-वधु की शादी बड़े ही शांति व सादगी के साथ ग्रामीणों व संघ के पदाधिकारियों के समक्ष विधिवत सम्पन्न की गई तथा दोनों पक्ष को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । विवाह में शादी की सभी रस्में निभाई गई । दहेज मुक्त विवाह को लेकर वर पक्ष के परिजन (दादा) अखिलेश वर्मा ने कहा मैं अपने दो बच्चों की शादी कई वर्षों पूर्व भी दहेज मुक्त विवाह किया हूँ और आज भी अपने पोते का किया दहेज एक अभिशाप है । वहीं वधु के पिता सुरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा संगठन से जुड़ने से मैं प्रभावित हुआ और उसी समय वचन लिया था कि अपने पुत्र-पुत्री की विवाह दहेज मुक्त करूंगा तथा समाज को एक बेहतर आयाम दूंगा तथा एक-दूसरे को भी दहेज मुक्त विवाह के लिए प्रेरित करूंगा । इस कार्यक्रम में वासुदेव प्रसाद वर्मा,प्रेमचन्द प्रसाद कुशवाहा,महेंद्र यादव,पवन विश्वकर्मा, राजेन्द्र वर्मा एवम महिला-पुरुष समेत हज़ारों लोग उपस्थित रहे ।

## आईगोट में टॉप लर्नर होने पर सीआरपीफ के द्वितीय कमान अधिकारी जुगल जोशी हुए सम्मानित

### दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत सरकार के वरीय अधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर किया सम्मानित

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : भारत सरकार के विशिष्ट कार्यक्रम कर्मयोगी के अन्तर्गत आईगोट में ट०प लर्नर रहने पर लातेहार 11 वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी जुगल जोशी को दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर भारत सरकार के वरीय अधिक. ारियों द्वारा सम्मानित किया गया । द्वितीय कमान अधिकारी जुगल जोशी ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विशिष्ट भूमिका-दक्षताओं से युक्त सिविल सेवक उच्चतम गुणवत्ता मानकों वाली प्रभावकारी सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करने में समर्थ हुए। उन्होंने बताया की 2 सितंबर, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने षमिशन कर्मयोगीष की शुरुआत की थी । इससे पूर्व जुगल जोशी को दो बार राष्ट्रपति अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। व भारत सरकार के प्राधिकरण के तहत गृह मंत्रालय द्वारा इस वर्ष झारखंड राज्य में काउंटर इंटेलिजेंस आंतरिक सुरक्षा संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी पदक से सम्मानित किया जा चुका है । द्वितीय कमान अधिकारी जुगल जोशी 11 वीं बटालियन लातेहार से पूर्व, जम्मू , दिल्ली, श्रीनगर समेत कई संवेदनशील जगहों में अपनी सेवा दे चुके हैं । वे मूलतः राजस्थान के जोधपुर जिले के निवासी हैं । पुरस्कृत किए जाने के बाद 11 वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी समेत सीआरपीएफ के सभी अधिकारियों ने जोशी के कार्यों की प्रशंसा व बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्वच्छता व पॉलीथीन मुक्त बनाने को लेकर मनकडीहा पंचायत के मंडरखा गांव में निकाली गई जागरूकता रैली

**अपेम लाइव : बिरनी**
**लखदेव वर्मा**



बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र में स्वच्छता व पॉलीथीन मुक्त बनाने को लेकर मनकडीहा पंचायत के मंडरखा गांव में प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत प्लास्टिक न इस्तेमाल करने के लिए शपथ दिलाई गई और मानव श्रृंखला बनाकर सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ एकजुट होने की शपथ ली गई। मनिकडीहा पंचायत क्षेत्र को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने को लेकर मनकडीहा पंचायत में गुरुवार को जागरुकता रैली निकाली गयी। यह रैली मंडरखा पुराना पंचायत भवन से निकलते हुए पूरे गांव का भ्रमण किया स जागरुकता रैली में मनकडीह पंचायत के मुखिया निरंजन वर्मा, वॉर्ड सदस्य आनन्द वर्मा रोजगार सेवक भवानी वर्मा, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्मोकोल से बने सामान का प्रयोग नहीं करने की अपील की गई। सामान लाने के लिए घर से निकले तो कपड़े थैला लेकर निकले। प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। इसमें उपस्थित रहे भवानी वर्मा, अनिल वर्मा, उमेश वर्मा, सहदेव महतो, गोवर्धन महतो, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## ग्राम प्रधान संघ महुआडांड़ एवं फिया फाउंडेशन की सयुंक्त बैठक, जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों पर हुई चर्चा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में गुरुवार को ग्राम प्रधान संघ महुआडांड़ एवं फिया फाउंडेशन की सयुंक्त बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष कार्नेलियस मिंज ने किया। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिक. ारी महुआडांड़ अमरेन डांग शामिल हुए। बैठक में जलवायु परिवर्तन से निपटने के कई उपायों पर चर्चा की गई। फिया फाउंडेशन के दिव्य प्रकाश ने जलवायु अनुकूल संरचनाओं का चयन एवं उनके निर्माण से उपयोगी संसाधन बनाने व उसमे लोगों की आजीविका में सकारात्मक प्रभाव पड़े इसे बताया। साथ हीं जलवायु अनुकूल कृषि पर भी चर्चा हुई। स्व उपयोग एवं व्यवसायिक उपयोग को लेकर कहा कि हमारे यहां जिस तरह की जमीनें हैं, जिस तरह आज बारिश हो रही है, उसके लिए प्रखंड में मोटे अनाज उपज की अधिक गुंजाइश है ।मडवा, मक्का, अरहर, गुंदली जैसे फसल आसानी से हो सकते हैं। जिनमें अधिक पानी न खाद नही बहुत मेहनत भी नही लगती है । ये फसल काफी पौष्टिक एवं महंगे बिकते हैं ।इसके साथ महुआडांड़ क्षेत्र में आम, कटहल करौंदा, आमडा, एवं आंवला जैसे फल बहुतायत से होते हैं। परंतु ये यूं ही बर्बाद हो जाते हैं। ऐसे में लोगों को आचार बनाने का प्रशिक्षण देकर आचार का प्रोडक्ट तैयार किया जाए तो लोगों की आजीविका असानी से चलेगी ।ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष कार्नेलियस मिंज ने कहा जलवायु परिवर्तन के इस समय में आज इस दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत है। मजदूरों को मनरेगा में काम मांगने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है कि उन्हें अपने गांव में 100 दिन रोजगार उपलब्ध हो और उनका पलायन रुके। बैठक में प्रखंड के 65 ग्राम प्रधान के साथ फिया फाउंडेशन की इग्नेशिया, प्रेमिका, मुशाहिद अन्य मौजूद थे।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 04-05-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 04

## नेतरहाट विद्यालय के छात्र ने अंतरिक्ष की ओर बढ़ाया पहला कदम

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन हैदराबाद द्वारा युविका 2023 के तहत अखिल राष्ट्रीय स्तर पर युवा वैज्ञानिक खोज कार्यक्रम के तहत आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के दसवीं कक्षा के छात्र चिरंजीवी आर्यन गुप्ता ने विभिन्न राज्यों से चयनित 350 छात्रों में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया है । आर्यन ने इसरो द्वारा आयोजित परीक्षा में नवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय समेत जिले का मान वर्धन किया है।ज्ञात हो कि होनहार बिरवान के होत हैं चिकने पात मुहावरे को चरितार्थ करते हुए यह छात्र अपने कक्षा का भी सर्वोत्कृष्ट छात्र रहा है। साथ ही यह विद्यालय छात्र प्रभारी मंडल का भी एक सक्रिय सदस्य है। विज्ञान में, विशेष तौर पर भौतिकी में इनकी गहरी अभिरुचि है।नेतरहाट आवासीय विद्यालय के द्वितीय आश्रम वर्ग के आनंद आश्रम का दिवा छात्र चिरंजीवी आर्यन विद्यालय के भौतिकी शिक्षक डॉ राजेश चंद्र गुप्ता का जेष्ठ पुत्र है। विद्वान पिता का यह होनहार पुत्र अंतरिक्ष विज्ञान में गहरी समझ रखता है।आर्यन की इस उपलब्धि पर विद्यालय में उनके सहपाठी एवं सभी शिक्षकों के बीच हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्राचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह ने सम्मेलन में चिरंजीवी आर्यन को सम्मानित किया एवं आशीर्वाद दिया। प्राचार्य ड०क्टर संतोष कुमार सिंह ने चिरंजीवी आर्यन की हौसला अफजाई करते हुए इनके विशेष प्रशिक्षण हेतु हैदराबाद जाने आने एवं प्रवास की समुचित व्यवस्था विद्यालय स्तर पर किए जाने की घोषणा की।बताते चलें कि उपरोक्त कार्यक्रम के तहत चयनित प्रतिभागियों को 14/05/23 से 27/05/23 तक इसरो हैदराबाद में अंतरिक्ष की विशेषताओं एवं बारीकियों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाना है।

## संत जेवियर्स महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : एम के कॉलेज, पांकी के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम के नेतृत्व में नौ सदस्यीय प्रोफेसरों के दल ने संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ का दौरा किया। संत जेवियर्स महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम के जोस ने सभी सदस्यों का स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों महाविद्यालय ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया साथ ही भविष्य में भी आपसी सहयोग और विचार आदान प्रदान करने पर सहमति जताई।इस दौरान नैक के कार्यो और अच्छे ग्रेट लाने की विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। संत जेवियर्स महाविद्यालय के आईक्यूएससी के संयोजिका सिस्टर कैसलिन जुलियट ने अपने महाविद्यालय के एसएसआर रिपोर्ट की रुपरेखा प्रस्तुत की साथ ही सालाना एक्यूएआर रिपोर्ट को तैयार करने में क्या सावधानियां रखनी है इस विषय पर भी विचार रखा। इस दौरान फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का भी अयोजन किया गया । दोनों महाविद्यालय के प्रोफेसरों ने नई शिक्षा नीति को लागू करने में आने वाली चुनौतियों तथा संभावनाओ पर भी चर्चा की। इस कार्यकर्म में सहयोग और समय देने के लिए एम के कॉलेज पांकी के प्राचार्य ने संत जेवियर्स महाविद्यालय प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर डॉ राजीप तिर्की, राजेश्वर चौधरी, शशि शेखर, शेफाली प्रकाश, राजीव रंजन, नेहा मिंज, रश्मी सुमन, अरिफुल हक अंजना एक्का, सुबोध मिंज उपस्थित थे।

## निजी अस्पतालों को तिमाही रक्तदान शिविर के माध्यम से न्युनतम 50 यूनिट रक्त संग्रह करने का निर्देश

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : भारत सरकार के आदेश के अनुसार रक्त आधान की आवश्यकता वाले सभी मरीजों को बिना प्रतिस्थापन के रक्त का प्रावधान करना है। साथ ही यह सुनिश्चित करना स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के सभी हितकारकों की जिम्मेदारी भी है। वह निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम जिसमें 50 या इससे अधिक रोगियों हेतु बिस्तर सुविधा उपलब्ध है, उनमें रोगियों के इलाज हेतु अधिक मात्रा में रक्त इकाईयों की आवश्यकता होती है।इस आवश्यकता को पूर्ण्करने के लिए एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के आयोजन में निजी अस्पतालों एवं नर्सिंग होम के योगदान को बढ़ाने के लिए प्रत्येक तिमाही अवधि में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के माध्यम से न्युनतम 50 यूनिट रक्त संग्रह करने का निर्देश परियोजना निदेशक झारखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति दिया ने दिया है, आदेश मिलने के बाद लातेहार के सिविल सर्जन ने लातेहार के सभी निजी अस्पतालों को यह आदेश जारी कर दिया है। इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का भी आदेश जारी किया है।

## कर्णपुरा महाविद्यालय में गौतम बुद्ध से संबंधित कार्यशाला का आयोजन





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इतिहास संकाय की संयुक्त तत्वाधान में गौतम बुद्ध की जयंती को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से प्रारंभ हुई कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव सह पूर्व प्रमुख जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद शामिल हुए । उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध ने कहा था कि इस संसार में कोई भी प्राणी ऐसा नहीं है जिसे दुख न हुआ हो , उनके अनुसार दुख को एक सामान्य स्थिति समझना चाहिए इसे खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए इसीलिए प्रत्येक इंसान को दुख होने पर चिंतित और परेशान नहीं होना चाहिए । महाविद्यालय के प्राचार्य कृति नाथ महतो ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुध का जन्म हुआ था इसी दिन ज्ञान की प्राप्ति भी हुई थी और वैशाख पूर्णिमा के दिन उनका महानिर्वाण भी हुआ था इसलिए इसी दिन को गौतम बुध की जयंती या बुध पुर्णिमा के रूप में मनाया जाने लगा , साथ ही बुद्ध ने विश्व शांति का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोफेसर सुरेश महतो ने किया । उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ का अर्थ वह जो सिद्धि प्राप्ति के लिए जन्म लिया हो उसे सिद्धार्थ कहते हैं । धन्यवाद ज्ञापन प्रोफ़ेसर लालदेव महतो ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुरेश महतो का अहम योगदान रहा है । मौके पर महाविद्यालय के सचिव टूकेश्वर प्रसाद ,प्राचार्य प्रो कृतिनाथ महतो, पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर , प्रोफेसर नरेश कुमार दांगी, प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज ,प्रोफेसर ऋतुराज दास, प्रोफेसर पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी ,डॉ चंद्रशेखर राणा , सनवीर कुमार, नेमधारी राम, अर्चना कुमारी ,ऋषि कुमार राहुल कुमार ,उषा कुमारी, ललिता ,प्रियंका ,सुनीता ,बेबी कुमारी ,आंचल, बबीता ,मनीषा इत्यादि लोग उपस्थित थे।


## इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 15 मई से

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : 231वां इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर पंद्रह मई से चार जून आयोजित की जायेगी। इसी कार्यक्रम को लेकर सदर अस्पताल में विभिन्न प्रखंडों के बीटीटी और बीडीएम के साथ बैठक रखी गई।बैठक की अध्यक्षता एसडीओ शेखर कुमार ने किया। बैठक में सभी बीटीटी और बीडीएम को एसडीएम श्री कुमार ने विभिन्न बीमारी से जूझ रहे लोगों का एक लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में आंख की जांच ,मोतियाबिंद की सर्जरी, कान की जांच, सर्जरी ,मुड़े हुए पैर का सर्जरी ,कटे फटे होंठ की जांच और सर्जरी, दांतों की जांच और उपचार स्त्री एवं ग्रीवा कैंसर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा । उन्होंने बताया कि ओपीडी का समय सुबह 9:00 से 4:00 शाम तक रहेगा जहां विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का इलाज संभव हो पाएगा। वहीं सिविल सर्जन ड०क्टर दिनेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सिर्फ ओपीडी होगा वही सर्जरी की सारी प्रक्रिया टोरी रेलवे स्टेशन में लगे लाइफ लाइन एक्सप्रेस में किया जाएगा। उन्होंने मरीजों को अपने साथ आधार कार्ड और पहचान पत्र लाने का अपील किया है।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जन सेवक संघ ने दिया एक दिवसीय धरना

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जन सेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 करने के विरोध में गुरुवार को झारखंड राज्य जन सेवक संघ लातेहार के द्वारा समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया गया।इस अवसर पर लातेहार के जिलाध्यक्ष रामनाथ यादव ने कहा कि वर्ष 2012 में झारखंड के कृषि एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा 18 सौ 86 जन सेवकों की बहाली 2400 रुपए के ग्रेड पे पर ली गई थी। आज 10 वर्ष नौकरी करने के बाद जब हम सभी का प्रमोशन और एमएसीपी का समय आया तो अचानक से कृषि निदेशक के द्वारा एक पत्र जारी कर जन सेवकों का ग्रेड पे 2400 सौ से घटाकर 2000 कर दिया गया।इस आदेश से जहां जन सेवकों में रोष है। वही जनसेवा आहत और ठगा महसूस कर रहे हैं। यदि इस आंदोलन के बाद भी कृषि निदेशक के द्वारा जारी आदेश वापस नहीं होता है तो आने वाले 9 मई को सभी जनसेवक हड़ताल पर चले जाएंगे। धरना में लव कुश पासवान, श्याम सागर पांडे, संकेत सत्यम, विकास कुमार, रघुनंदन राम, संतोष उरांव, अनिता कुमारी, अंकित एक्का, संजय मींज, राहुल रंजन, प्रभात भगत, देवलाल राम सहित अन्य शामिल थे।

## अवैध नर्सिंग होम पर कार्रवाई को लेकर सूचना अधिकार से आजसू ने मांगी रिपोर्ट

**अपेम लाइव : बिरनी**
**लखदेव वर्मा**



बिरनी प्रखण्ड में अवैध नर्सिंग होम पर प्रशासनिक कार्रवाई न होने से आजसू प्रखण्ड उपाध्यक्ष अमित गुप्ता ने बिरनी बीडीओ को सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन देकर रिपोर्ट की मांग की है । दिए गए सूचना अधिकार आवेदन में आजसू उपाध्यक्ष ने लिखा है कि पिछले बार मेरे द्वारा आवेदन दिया गया था जिस पर कई नर्सिंग होम में छापेमारी भी की गई थी जिस पर आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नही की गई तथा आवेदन में उपाध्यक्ष ने लिखा है कि बिरनी प्रखंड के कितने अवैध नर्सिंग होम पर विभाग के द्वारा कार्रवाई की गई उसकी सूचना उपलब्ध कराया जाए प्रखंड में कितने सरकारी स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित है नाम और पता के साथ उपलब्ध कराते हुए मरीजों के सुविधा हेतु किन–किन उपकरणों को लगाया गया है का सूचना उपलब्ध कराया जाए । अमित गुप्ता ने कहा कि चिकित्सा पदाधिकारी ने कई नर्सिंग होम में छापेमारी की लेकिन कार्रवाई किसी पर नही हुई ऐसे में स्पष्ठ होता है कि बिरनी में विभाग के मिलीभगत से अवैध नर्सिंग होम संचालित का संचालन किया जा रहा है ।

## बसरिया बेसिक स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

### स्वच्छ रहे सुरक्षित रहे : हरेंद्र गोप

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत के बेसिक स्कूल के प्रांगण में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर साफ सफाई व शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने बच्चों को संबोधित करते कहा कि साफ सफाई हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। साफ सफाई से ही गंभीर से गंभीर बीमारियों को दूर भगा सकते हैं। गांधी जी के सपनों को साकार करने के लिए हर एक व्यक्ति को स्वच्छता पर बल देना चाहिए। उन्होंने पंचायत के पदाधिकारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि आप खुद एवं दूसरों को प्रेरित करते हुए साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें। मौके पर बेसिक स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे, शिक्षक मनोज घोष, सरफराज आलम, दामोदर साव, सतीश कुमार, आंगनवाड़ी सेविका पूनम देवी, अनीता देवी, सहिया सविता देवी व अन्य ने भाग लिया।

## कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस के द्वारा जारी घोषणा पत्र सनातन धर्म के लिए खतरे का संकेत : गुरुदेव गुप्ता

### बजरंग दल राष्ट्रवादी संगठन, इस बैन राजनीतिक तुष्टिकरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि वर्तमान में कर्नाटक में हो रहे विधानसभा चुनाव में विविध पार्टियों द्वारा अपने अपने मतदाताओं को लुभाने के लिए घोषणा पत्र जारी किए गए हैं। भारत की कांग्रेस पार्टी के द्वारा भी घोषणा पत्र जारी किया गया। इस घोषणापत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अनुषांगिक इकाई विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल की तुलना पीएफआई से करते हुए इस पर बैन लगाने की घोषणा की गई है। एक और जहां पीएफआई देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन कर खड़ा है, वही देश की सुरक्षा के लिए बजरंग दल अपने कार्यो से खड़ा है । बजरंग दल जिसका लक्ष्य ही देश की सुरक्षा सनातन संस्कृति में संस्कार और सेवा का कार्य करना है । वैसे संगठन को पीएफआई से तुलना करके बैन लगाने की बात करना केवल और केवल इस्लामिक तुष्टीकरण की राजनीति है । उन्होंने कहा की कांग्रेस का प्रारंभिक इतिहास रहा है कि देश की आजादी के समय देश का बंटवारा धर्म के नाम पर किया गया ।बंटवारे के बाद भारत को धर्मनिरपेक्ष देश घोषित कर सत्ता के लोभ में कांग्रेस ने हर प्रकार से इस्लाम को संतुष्ट रखने और उसके देश विरोधी गतिविधियों को संरक्षण प्रदान करने का कार्य किया। इतना ही नहीं कांग्रेस का राजनीतिक यात्रा केवल और केवल सनातन विरोधी रही। नहीं तो आज सनातन धर्म के मंदिर सरकार के अधीन और अन्य धर्मस्थल सरकार से स्वतंत्र नहीं होते ।यहां तक की विधर्मीयों को संतुष्ट करने के लिए कांग्रेस ने अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया । उन्हें अल्पसंख्यक का दर्जा देकर देश के विभिन्न हिस्सों में कई प्रकार की वैधानिक शक्तियां प्रदान की और दूसरी ओर सनातन संस्कृति को खंडित करने के लिए कई प्रकार के षड्यंत्र रचे। ऐसी स्थिति में देश को बचाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने वि. विध आनुषंगिक इकाइयों के माध्यम से सनातन संस्कृति को और पंथ को एक मंच पर लाने की कार्य कर रहा है । क्योंकि सनातन संस्कृति ही ऐसी संस्कृति है जो विश्व के कल्याण की कल्पना करता है । अन्य जितने भी मत पंथ हैं, सबो का एक ही लक्ष्य है सनातन संस्कृति को नष्ट करना और इसमें कांग्रेस पार्टी का महत्वपूर्ण योगदान रहता है ।अभी हाल ही में बिहार के कुछ हिस्सों में रामनवमी के दौरान दंगा भड़क गया था जिसमें बम बनाते वक्त कुछ असामा. जिक तत्व के हाथों में ही बम विस्फोट हो गया और कई लोग घायल हुए मारे गए। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस के विधायक ने कहा था की वे लोग आत्मरक्षा के लिए बम बना रहे थे ।कांग्रेस की नजर में आम आदमी के द्वारा आग्नेयास्त्र का निर्माण वैधानिक है तो इनसे देश और देश में लागू संविधान की रक्षा की उम्मीद नहीं की जा सकती। देश हित में हम सभी सनातनी को चिंतन करना चाहिए कि हम किस प्रकार के राजनीतिक परिप्रेक्ष्य का चयन करें । ताकि देश और धर्म की रक्षा हो सके और सनातन धर्म के साथ–साथ हमारा भारत अखंड और सुरक्षित रह सके । समस्त प्रकार के घटनाक्रमों पर तभी नियंत्रण किया जा सकता है जब ऐसे कार्य करने वाले लोगों को हम सभी सनातनियों का समर्थन ना मिले और उन्हें एकजुट होकर देश से बाहर देश निकाला की सजा की मांग की जा सके।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय कांडतरी के बच्चों के बीच बांटा गया ड्रेस एवं शिक्षण किट

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कांड तरी बड़कागांव में झारखंड शिक्षा परियोजना से प्राप्त पेंसिल ,रबर, कटर, इंस्ट्रूमेंट ब०क्स एवं ड्रेस का वितरण कार्यक्रम किया गया ।जिसमें बतौर अतिथि बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्या सुनीता देवी बड़कागांव उप प्रमुख सह प्रखंड शिक्षा समिति अध्यक्ष वचन देव कुमार के हाथों किया गया। मौके पर अतिथियों ने शिक्षकों से कहा कि बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें शिकायत का मौका नहीं दें। बच्चे कल के भविष्य हैं ऐसी शिक्षा दें कि आगे पढ़ लिखकर अपने गांव के साथ स्कूल का भी नाम रोशन करें। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष हीरामन राम विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सहायक शिक्षक मोहम्मद असलम ,अंतेश साव, विनोद कुमार ,प्रकाश कुमार, अशोक कुमार ,रविंद्र कुमार, रामकुमार प्रसाद, बाबूलाल कुमार, सहित गणमान्य शिक्षाविद अभिभावक गण उपस्थित थे ।







सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मार्खम कॉलेज के एनएसएस का विशेष शिविर सिरसी गांव में चौथे दिन भी जारी

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




हजारीबाग। मार्खम कॉलेज के एनएसएस इकाई एक के तत्वावधान में सिरसी गांव में चलाए जा रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान के तहत गांव में स्थित सार्वजिनक स्थलों की सफाई की। इसके तहत गांव के गलियों एवं मंदिर की सफाई की। इस स्वच्छता अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने अनचाहे झाडियों एवं जहरीले पार्थेनियम पौधे का भी उन्मूलन किया। स्वयंसेवकों ने गांव के चौक चौराहे पर अंधविश्वास के विरुद्ध नुक्कड़ का भी आयोजन किया। नुक्कड़ को देखकर ग्रामवासियो ने काफी सराहना की। इस अवसर पर ग्रामवासियो को संबोधित करते हुए कालेज के प्रोग्राम ऑफिसर भोला नाथ सिंह ने बताया कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के तत्वावधान में मार्खम कालेज के एनएसएस के स्वयंसेवकों ने इस गोद लिए गांव में सात दिवसीय शिविर में जागरूकता जैसे सामाजिक कार्य करने का बीड़ा उठाया है। इसमें आप सभी ग्रामवासियो का सहयोग चाहिए। इस अवसर पर स्वयंसेवकों में मुख्य रुप से प्रगति प्रेरणा ,शिवा कुमार, शिव शंकर ,अमन भारद्वाज, अंकीत कुमार पांडेय, अमन राज,काजल कुमारी, सुजाता कुमारी, रामाकांत सोनी, भारती कुमारी, आनंद कुमार, रितिक कुमार, ऋषभ कुमार,नंदनी कुमारी,अंजनी पटेल, विकास कुमार समेत स्वयंसेवकगण उपस्थित थे।

## मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं आजसू नेता रोशन लाल चौधरी महायज्ञ में हुए शामिल

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं अन्य उपस्थित समिति के लोग

बड़कागांव : पंडरिया गांव में संचालित शिव परिवार परिवार हनुमंत महायज्ञ में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने पंडरिया गांव पहुंचकर महायज्ञ शामिल हुए। इस दौरान एक समिति के लोगों ने दोनों का भव्य स्वागत किया । मंदिर में शिवलिंग एवं बजरंग बली दर्शन कर सुख व समृद्धि की कामना की। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ प्रसाद का भी ग्रहण किया। विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं रोशन लाल चौधरी ने कहा कि यज्ञ होने से गांव में सुख व समृद्धि प्राप्त होती है ।पर्यावरण का शुद्धिकरण होता है एवं आपस में एकजुटता बढ़ती है । वही मौके पर मुख्य रूप से चाईबासा के बीडियो महादेव महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस, यज्ञ समिति के अध्यक्ष धर्मनाथ महतो, सचिव बेचन राणा, कोषाध्यक्ष नारायण महतो, उपाध्यक्ष अरुण रंजन प्रसाद, कमलनाथ महतो, दुलैर देवी, मगिया देवी, उप सचिव भरत कुमार, लता सिन्हा, चेत लाल ठाकुर, कुलेश्वर महतो, राजकुमार राणा, प्रेम राणा, नारायण कुमार, मुक्तेश्वर ठाकुर, अयोध्या बालेश्वर महतो, प्रदीप ठाकुर, लालजी महतो, चिंता देवी, सविता देवी, कविता देवी, इतवारिया देवी, भगन महतो ,सुरेश महतो , के अलावा कई धर्मालंबी लोग शामिल हुए ।

## विद्यालय के चहारदीवारी निर्माण की मांग को लेकर जिप सदस्य ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




विष्णुगढ़ मध्य भाग के जिप सदस्य शेख तैयब गुरुवार को हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय से मिले और क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जिप सदस्य ने डीसी को ज्ञापन सौंपकर बिना चहारदीवारी के विद्यालयों में चहारदीवारी करने की मांग की। ज्ञापन में उन्होंने उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरैय, उच्च विद्यालय बरांय तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाटांड की चहारदीवारी करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि उक्त विद्यालयों के किनारे सड़क होने से स्कूली बच्चों में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं, चहारदीवारी नहीं होने से विद्यालय की जमीन का भी अतिक्रमण हो रहा है। जिप सदस्य ने उक्त सभी विद्यालयों की चहारदीवारी को डीएमएफटी फंड के करने की मांग रखी। जिसे डीसी ने मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया।

## अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस को लेकर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल बच्चे

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस को लेकर गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में निबंध लेखन का चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। झारखंड जैव विविधता परिषद, रांची एवं जन जागरण केंद्र, विष्णुगढ़ के तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने जैव विविधता पर आधारित कई तरह के चित्रों को अपने हाथों से उकेरा। वहीं कई छात्राओं ने जैव विविधता से सं. बंधित लेख भी प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के वार्डन सुनीता कुमारी के अलावा संस्था के चितरंजन महतो, विशाल कुमार, धीरज सोनी आदि की खासी भूमिका रही। प्रतियोगिता में कविता कुमारी, आंचल कुमारी, कंचन कुमारी, रूही राज, प्रियंका कुमारी, यासमीन खातून, नाजिया खातून, समीना खातून, बेबी कुमारी, अर्चना कुमारी, तमन्ना नूरी, मोनी मरांडी, सरस्वती कुमारी आदि कई छात्राओं ने भाग लिया।












डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार